CALL@7235808541

An initiative of Galaxy Achieve Your Goal



गगनयान मिशन

चर्चा में क्यों ?

- पीएम नरेंद्र मोदी ने उन चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की जो 2024-25 में लॉन्च होने वाले भारत के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान का हिस्सा होंगे।

प्रमुख बिंदु

भारतीय वायु सेना के चार चुने गए पायलट ग्रुप

कैप्टन प्रशांत नायर,
कैप्टन अजीत कृष्णन,
कैप्टन अंगद प्रताप
विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला

- चारों अंतरिक्ष यात्रियों को रूस के यूरी गगारिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षित किया गया था।

गगनयान मिशन के बारे में



- गगनयान परियोजना में 3 दिनों के मिशन के लिए 3 सदस्यों के दल को 400 किमी की कक्षा में लॉन्च करके और सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाकर मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करने की परिकल्पना की गई है।
- यह इसरो का मिशन है।
- इस परियोजना पर होने वाला कुल ख़र्च नब्बे अरब रुपये है।
- अगर भारत अपनी इस परियोजना में सफल होता है तो वह अंतरिक्ष में इंसान पहुंचाने वाला चौथा देश बन जाएगा। इससे पहले सोवियत संघ, अमेरिका और चीन ने अंतरिक्ष में इंसान पहुंचाने में सफलता हासिल की है।

अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत के आगामी लक्ष्य

- 2035 तक अपना पहला स्पेस स्टेशन खोलना।
- 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री को भेजना ।